www.lagatar.in

शनिवार 09 मार्च 2024 • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 , संवत 2080 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 1, अंक : 321

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पहाड़ी मंदिर की बारात का आकर्षण

## हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

# भोले बाबा चले गौरी को व्याहने, निकली बारात

■ महाकाल, शिव-पार्वती आदि की मनोहारी झांकियां ■ अर्द्धनारीश्वर रूप में शिव तांडव की मनमोहक प्रस्तुति

संवाददाता । रांची

महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को राजधानी रांची में धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर श्रद्धालुओं ने शहर के मंदिरों में शिव का जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना की. शहर के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित शिव बारात कार्यक्रम में सीएम चंपाई सोरेन भी सम्मिलित हुए. मुख्यमंत्री ने यहां पूरे विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर को संरक्षित करेगी. इस धार्मिक धरोहर को देश में अलग पहचान दिलाई जाएगी. मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएंगे.

### इधर से गुजरी पहाड़ी बाबा से निकली बारात

पहाड़ी मंदिर से निकली बारात हरमू रोड, गाड़ी खाना, कार्टसराय रोड, जेजे रोड होते हुए शहीद चौक से घूमकर पुस्तक पथ, गांधी चौक महावीर चौक होते हुए रातू रोड के रास्ते विश्वनाथ शिव मंदिर पहुंची. यहां भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह रचाया गया. स्वागत शिविर लगाने में शहर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यावसायी संगठनों ने कोई कसर नहीं छोड़ी. श्रीशिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. मिठाई-मिष्ठान आदि खाने-पीने के समान बांटे गये.



शिव बारात के साथ निकली झांकियों का स्वागत करते रमेश सिंह व अन्य.



शिव बारात में शामिल श्रद्धालुओं के स्वागत में रातू रोड में पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी की ओर से सेवा शिविर लगाया गया.

## देवालयों में उमड़ा जनसैलाब



पहाड़ी मंदिर में बाबा के दर्शन को उमड़े भक्त

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में अहले सुबह से देर शाम तक भक्तों का मेला सा लगा रहा. सिरमौर पहाड़ी मंदिर में तो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और दर्शन-पूजन कर बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. भांग और धतूरा चढ़ा, भोले बाबा को रिझाने में जुटे रहे. पिस्का मोड़ का विश्वनाथ शिव मंदिर, कमड़े मंदिर, चुटिया का महादेव मंडा, प्राचीन राम मंदिर, बूटी मोड़ स्थित शिवालय, हरमू रोड, कोकर स्थित शिवालय सहित अशोकनगर, कडरू, अरगोड़ा, डोरंडा, हिनू, धुर्वा, सिंह मोड़, नामकुम, कांटाटोली, बूटी मोड़, बरियातू और कांके रोड के देवालयों में भी महाशिवरात्रि उत्सव की धूम रही.



**आतिशबाजी से गुलजार रही राजधानी :** शिव बारात में की जा रही आतिशबाजी से राजधानी गुलजार रही. रंग-बिरंगी रोशनी आसमान में रह-रह कर नजर आ रही थी. धमाकों से वातावरण गुंजायमान था.



फोटो : रमीज

- बंगाल से ढांक और काशी की भूत-पिशाच की टोली
- 10 फीट के बाहुबली का मनमोहक अंदाज
- रामगढ़ की ताशा पार्टी, छऊ नर्तकों की टोली
- बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ थीम पर सजाया गया वाहन

### शिव बारात की भव्यता देखते ही बन रही थी

- श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति, इंद्रपुरी शिव मंदिर से निकली शिव बारात की भव्यता देखते ही बन रही थी. दिन के तीन बजे गाजे-बजे, मनोहारी झांकी और भजन मंडली के साथ झूम कर बारात निकली तो वातावरण हर हर माहदेव से उद्घोष से गूंज उठा. अध्यक्ष रमेश सिंह संग हरविंदर सिंह बेदी, नंदकिशोर अरोड़ा, नवीन पपनेजा, सत्येंद्र तिवारी, हीरालाल पपनेजा, विजय सिंह, बंटी शर्मा, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, कौशल कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाराती बन इसमें हिस्सा लिया.
- चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा स्थल पर भजन संध्या का खास आयोजन किया गया. बाहर से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भक्ति के खूब रंग जमाये. मुम्बइ और बिहार से आए भजन गायक विनय तिवारी, सोना सिंह और प्रिया सिंह भक्ति गीतों की लड़िया लगा श्रद्धालुओं को घंटो झुमाया. दिल्ली के बंटी और सोनिया ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक नाट्य मंचन कर खूब वाहवाही बटोरी.
- चुटिया से भी भव्य बारात निकाली गयी. इसमें श्रद्धालु भूत-बेताल और देवी-देवताओं का रूप धर जम कर नाचे. स्थानीय धार्मिक और व्यवसायिक संगठनों द्वारा जगह-जगह शिव बारात में शामिल भक्तों का पुष्प वर्षा और मिठाईयां बांट कर स्वागत किया गया. शर्बत, शीतल पेय और विशेष रूप से भांग की भी व्यवस्था की गयी थी. बाराती खा-पी कर भक्ति में मदमस्त हो नाच-झूम रहे थे. बारात जिधर से गुजरती महिलाएं और बच्चे छतो से पुष्प वर्षा कर बारातियों का स्वागत करते. शिवरात्रि के मौके पर स्थानीय श्रीराम मंदिर सहित क्षेत्र के सभी देवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था.

---

**साहस को सलाम** | साहसी बेटी ने नृत्यांगना के रूप में अपना सपना पूरा किया

# दुर्घटना में एक पैर गंवाने के बावजूद रेखा मिश्रा ने कभी हार नहीं मानी

तरुण कुमार चौबे । रांची

रेखा मिश्रा महज 12 साल की थीं, जब एक बदमाश ऑटो चालक ने उनके सारे सपने चकनाचूर कर दिए. 2014 में, उन्हें एक ऑटो चालक ने टक्कर मार दी थी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं. हादसे के बाद



उनकी जान बचाने के लिए उनका दाहिना पैर काटना पड़ा. लेकिन रेखा ने हार नहीं मानी और अपने साहस के दम पर दोबारा डांस करना शुरू किया. उस हादसे के 8 साल बाद रेखा ने फिर से नृत्य करना शुरू किया. रेखा हमेशा डांसर बनने का सपना देखती थीं और हादसे से पहले उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था. लेकिन इस घटना के बाद रेखा ने सोशल मीडिया पर अपना अकाउंट बनाया और वहां अपना टैलेंट दिखाना शुरू कर दिया. एक पैर वाली डांसर को देख कर लोग हैरान रह गए और रेखा की खूब तारीफ की. आज रेखा के यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं.

**कभी उम्मीद नहीं खोई :** रेखा, जो अब 20 साल की हैं और धनबाद के शीतलपुर की रहने वाली हैं. शुभम संदेश से बात करते हुए बताया कि हादसे के बाद वह तीन महीने तक अस्पताल के बिस्तर पर रहीं लेकिन उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई. उन्होंने 2016 में शीतलपुर हाईस्कूल से 10वीं और 2018 में श्री श्रीलक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय (एसएसएलएनटी), धनबाद से 12वीं कक्षा की पढ़ाई की. वर्तमान में, वह बीएससी तृतीय वर्ष की पढ़ाई एसएसएलएनटी कॉलेज में कर रही है. रेखा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि एक्सीडेंट और इलाज के बाद भी मैं ठीक से चल नहीं पा रही थी. फिर मैंने न सिर्फ चलने के लिए कड़ी मेहनत की, बल्कि एक पैर से साइकिल चलाना भी सीखा. मैं डांसर बनने के अपने सपने को छोड़ना नहीं चाहती थी. इसलिए, मैंने घर पर टेलीविजन पर या फोन पर पाठ देख कर अभ्यास करना शुरू कर दिया.

**पिता एक मजदूर के रूप में काम करते थे :** अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए रेखा ने बताया कि मेरे पिता एक मजदूर के रूप में काम करते हैं और कभी-कभी हमारे पास खाना नहीं होता था. लेकिन मेरे परिवार ने हमेशा मुझे अपने जुनून का पालन करने और अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रोत्साहित किया. मैंने एक पैर के साथ चार साल तक अभ्यास किया. जिसके बाद मैने फिर से प्रतियोगिताओं में भाग लेना था. मुझे स्कूल और कॉलेज के समारोहों में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता रहा.

**सोशल मीडिया पर रेखा के लाखों फॉलोअर्स :** रेखा ने कभी हार नहीं मानी और अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए सभी को चौंका दिया. एक पैर न होने के बाद भी रेखा ने दोबारा डांस करना शुरू किया और लोगों को अपनी कला का मुरीद बना दिया. अपनी इसी कला की बदौलत रेखा के आज यूट्यूब पर 13 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं. इसके साथ ही रेखा के फेसबुक पर 6 लाख 14 हजार और इंस्टाग्राम पर 2 लाख 25 हजार से भी अधिक फॉलोअर्स हैं.

### दुर्घटना के बाद टूट गई थी रेखा

रेखा के पिता ने बताया कि हादसे के बाद वह टूट गई थी. उसका सबसे बड़ा डर यह था कि वह डांस नहीं कर पाएगी. हालांकि, एक दिन उसे केवल एक पैर के साथ साइकिल चलाते हुए देख कर मुझे आश्चर्य हुआ. वह रोती थी क्योंकि उसके दोस्त उसे फिर कभी नृत्य न कर पाने के बारे में चिढ़ाते थे. फिर, मैंने उससे कहा कि अगर वह एक पैर से साइकिल चला सकती है, तो डांस भी कर सकती है.

---

# गौशाला न्यास समिति में परिवारवाद

## सदस्यों का आरोप : परिवारवाद के कारण तानाशाह हो गई समिति

प्रवीण कुमार । रांची

गौशाला न्यास समिति में भी परिवारवाद हावी है. एक ही परिवर के दो सगे भाई ट्रस्टी हैं. कई ट्रस्टी और पदाधिकारी अपने भाई, बेटा, बहू और पत्नी तक को सदस्य बनाये हुए हैं. न्यास समिति के ट्रस्टी और पदाधिकारी अपनों व रिश्तेदारों को सदस्य इसलिए बनाये हुए हैं, ताकि उनकी समिति में उनकी चलती रहे. अपने लोग सदस्य रहेंगे, तो वे जो चाहेंगे करा लेंगे. दूसरों को सदस्य बना दिया, तो वे उनकी सुनेंगे या नहीं, इसमें संदेह रहता है. इसलिए ट्रस्टी और पदाधिकारी जल्दी दूसरों को सदस्य बनाने में दिलचस्पी नहीं लेते. उनकी प्राथमिकता में अपने लोगों को ज्यादा से ज्यादा से सदस्य बनाना होता है, ताकि वे अपनी मर्जी के अनुसार फैसले ले सकें.

**सदस्यता और जमीन बेचने का मामला गरमाया है :** गौशाला न्यास समिति के पदाधिकारी इन दिनों डोनेशन लेकर भी सदस्यता नहीं देने और गौशाला की बाढ़ु-बुकरू गांव की करोड़ों की जमीन औने-पौने दाम पर बेचने को लेकर चर्चा में हैं. सदस्य पदाधिकारियों व ट्रस्टियों की करतूतों पर लगातार सवाल उठा रहे हैं. उनका कहना है कि गौशाला की जमीन हर हाल में वापस होनी ही चाहिए. लेकिन पदाधिकारियों की अपनी दलीलें हैं. सदस्यों का आरोप है कि सांठगांठ कर करोड़ों की जमीन सस्ती दर पर बेची गयी है. जमीन की बिक्री में आम सदस्यों की राय तक नहीं ली गयी. आखिर ये ज्यादती नहीं तो क्या है.

**110 सदस्यों की सदस्यता को लेकर मचा है बवाल :** गौशाला न्यास समिति की सदस्यता के लिए 135 नए लोगों ने डोनेशन के साथ आवेदन दिया था. डोनेशन की रकम गौशाला न्यास समिति के खाते में जमा भी हो गयी है. लेकिन पीक एंड चूज बेसिस पर 25 लोगों को सदस्यता दे दी गयी, जबकि 110 लोगों को बिना वजह सदस्यता से वंचित रका गया है. ऐसे में डोनेशन दिए लोग सहित अन्य सदस्य सदस्यता नहीं दिये जाने को लेकर मुखर हैं. उनका कहना है कि समिति के पदाधिकारी व ट्रस्टी डोनेशन लेने के बावजूद उन्हें सदस्य बनाने से आनाकानी करते हैं.

कई सदस्यों और मारवाड़ी समाज को इसपर भी खासा आपति है, पर बहुमत न होने के कारण उन्हें चुप करा दिया जाता है. इस बार भी 135 लोगों के साथ भेदभाव किया गया. सदस्यता मिलने के बाद भी उन्हें सदस्य नहीं बनाया गया. बाद में हंगामा बरपा तो 25 लोगों को सदस्य बना दिया गया. आम सदस्यों का आरोप हैकि 110 सदस्यों को चेक का 11 सौ रुपया लौटाने का ढोंग किया गया, ताकि उनकी करतूत जगजाहिर न हो सके. मामला रफा-दफा हो जाए. लोग सवाल पूछते नहीं थक रहे कि पूर्व के ट्रस्टी चेयरमैन स्वः ज्ञानप्रकाश बुधिया, कार्यकारिणी के अध्यक्ष स्वःचतुर्भज खेमका और सचिव ज्योति बजाज क्या बेईमान थे, जिन्होंने लोगों से 11 सौ रुपये का चेक और 21-51 हजार रुपये तक डोनेशन लेकर सब को सदस्यता प्रमाण प्रत्र तक जारी कर दिया था.

- एक ही परिवार के दो-दो ट्रस्टी, बेटा, भाई, पत्नी सब बन गये हैं सदस्य
- डोनेशन लेकर भी दूसरे को सदस्य बनाने में आनाकानी, उठ रहे सवाल



### जानिए कौन किसके रिश्तेदार

- गौशाला के सदस्यों की सूची में दर्ज हैं इनके नाम
- ट्रस्टी किशन लाल चौधरी और उनके सगे भाई किशोरी लाल चौधरी
- ट्रस्टी शत्रुघ्न लाल गुप्ता की पत्नी सुशीला गुप्ता, बेटे सुनील गुप्ता और बहू
- ट्रस्टी चेयरमैन रतन जालान के भाई श्याम जालान और श्रवण जालान
- अध्यक्ष पुनीत पोद्दार के भाई पंकज पोद्दार
- पूर्व सचिव सज्जन सर्राफ के पुत्र मनीष सर्राफ

**(नोट : सदस्यों की सूची का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि किस तरह से गौशाला न्या समिति में भी परिवारवाद हावी है.)**

### गोलमटोल बातें कर सभा समाप्त करा निकल गये थे

डोनेशन दे चुके वैसे 110 लोग, जिनकी सदस्यता को लेकर हायतौबा मचा है, वे लगाता सवाल उठा रहे हैं. उनका कहना है कि आमसभा से चेयरमैन रतन जालान और अध्यक्ष पुनीत पोद्दार सदस्यता के मामले में गोलमटोल बातें कर निकल गये, जबकि तत्काल इस मुद्दे पर फैसला वहीं हो सकता था, जब चुनाव की जानकारी पाकर ज्यादातर सदस्य मान्या पैलेस, मोरहाबादी में 28 फरवरी को एकत्रित थे. लेकिन किसी तरह के और सवाल सदस्य न उठा सकें, इसे ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने हड़बड़ी में सभा समाप्त करा दी. सदस्य और मारवाड़ी समाज के लोगों को अब 15 दिन बीतने का इंतजार है. 11 दिन बीत चुके हैं, चार दिन और बच गये हैं. इसके बाद फिर से ट्रस्टी और पदाधिकारियों को हॉट टेबल पर बैठकर जवाब देना ही होगा.

### सदस्यता बल के कारण ट्रस्टी और पदाधिकारी करते हैं दबंगई

गौशाला न्यास के ट्रस्टी और पदाधिकारी सदस्यता बल के कारण ही दबंगई करते हैं. एक परिवार के कई-कई लोगों के सदस्य होने के कारण इनके पक्षकारों की संख्या अत्याधिक हो जाती है, ऐसे में कोई भी तुगलकी फरमान जारी करने में इन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं आती. गौशाला के बाढ़ू गांव की 11.95 एकड़ जमीन गुपचुप तरीके से 2014 और 2021 में दो बार में बेच दी गयी. किसी ने विवाद खड़ा नहीं किया और न ही इस बड़ी गड़बड़ी के बारे में कोई सवाल खड़ा किया गया. यदि सभी 135 लोगों को सदस्यता दे दी जाती, तो बात ढंकी-छुपी ही रहती, लेकिन उनकी तानाशाही रवैये के कारण कारण ही मामले का राजफाश हो गया. अब सदस्य इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि आखिर ट्रस्टी और पदाधिकारी किस तरह का फैसला लेते हैं.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिन: डॉ मनोज कुमार प्रसाद
- सर्जरी: डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिक: डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरी: डॉ आनंद प्रकाश
- गायनी: डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्ट: डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजी: डॉ रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजी: डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्र: डॉ सुनील कुमार
- स्किन: डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटी: डॉ बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजी: डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर अस्पताल

- मेडिसिन: डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरी: डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनी: डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजी:डॉ अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजी: डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी: डॉ नवीन कुमार

## शहर में आज

1. युग पुरुष श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के 136वें जन्मोत्सव पर सत्संग बिहार, बोड़ेया कांके में दिन के 11 बजे से कार्यक्रम
2. सांसद संजय सेठ अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में दिन के 11 बजे मीडिया से बातचीत करेंगे
3. झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की आर्थिक नाकेबंदी, राज्य के सभी जिलों में सुबह से
4. इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, मोरहाबादी मैदान में दिन के 11 बजे से
5. जेएमएम का उपवास कार्यक्रम, मोरहाबादी मैदान में दिन के 11 बजे
6. एचईसी कर्मियों का बकाया वेतन ती मांग को लेकर प्लांट के अंदर प्रदर्शन

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सर्कुलर रोड में खुला चाय सुट्टा बार का नया आउटलेट



**रांची ।** सर्कुलर रोड अप्सरा होटल के सामने रोहिणी कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को चाय सुट्टा बार का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन सांसद संजय सेठ, ऑनर रंजन सिंह की बेटी शनाया सिंह ने रीबन काट कर किया. इसमें रंजन सिंह की पत्नी प्रियदर्शनी सिंह, बहन अनीता सिंह और परिवार के लोग उपस्थित थे. ऑनर रंजन सिंह ने बताया कि हमारे यहां चाय-कॉफी की बड़ी रेंज रखी गई है. जिसके नाम भी कॉकटेल की तर्ज पर रखे गए हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे यहां स्नैक्स और फूड आइटम्स की भी अलग-अलग रेंज उपलब्ध है. चाय के प्रेमियों के लिए चाय की वेरायटी रखी गई है. यह चाय लोगों को कुल्हड़ में परोसे जाएंगे. वहीं कोल्ड ड्रिंक्स के साथ सॉफ्ट ड्रिंक भी रखे गए है. ब्राउनी, आइसक्रीम और डेजर्ट्स भी लोगों की पसंद को देखते हुए रखा गया है. कॉफी में बियर कॉफी, रम कॉफी, व्हीस्की कॉफी, रेड वाइन कॉफी, ब्रांडी कॉफी है. जबकि कोल्ड कॉफी में वोडका कोल्ड कॉफी, स्कॉच कोल्ड कॉफी जैसी कई वैरायटी अवेलेवल है.

### अनेक स्कूल, शैक्षणिक संस्थान एवं अस्पताल के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है यह क्षेत्र


# पुंदाग में नाली नदारद, दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे सड़क के गड्ढे

रेहान अहमद | रांची


**खास बातें**
- सड़क पर ही बहता रहता है घरों से निकलनेवाला गंदा पानी
- विधायक, नगर निगम को अवगत कराया, नहीं हुआ कोई लाभ

राजधानी का पुंदाग क्षेत्र में करीब 10 हजार की आबादी रहती है. यहां मुस्लिम, हिंदू एवं आदिवासी समुदाय के लोग भी रहते हैं. क्षेत्र में कई स्कूल एवं इंस्टीट्यूट एवं अस्पताल हैं. किंतु यह क्षेत्र मूल भूत सुविधाओं से वंचित है. क्षेत्र में सबसे बड़ी परेशानी नाली की है. पुंदाग के मुख्य मार्ग में नाली नहीं है. इस कारण क्षेत्र का गंदा पानी सड़क पर ही बहता रहता है. यह एक गंभीर समस्या है. लोगों ने कहा कि हटिया क्षेत्र के विधायक नवीन जयसवाल, समेत नगर निगम के अधिकारियों को भी इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, किंतु समाधान के लिए कार्य अबतक नहीं हो पाया है. पुंदाग पुल के ठीक निकट अच्छी सड़क बीचों बीच पूरी तरह से जर्जर हो गई है. सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं. पानी भरने से गड्ढे का आभास नहीं होता है. कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं. इसे जल्द ठीक नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है.







**क्षेत्र में नाली से सबसे अधिक है परेशानी : करीम**
अब्दुल करीम ने कहा कि क्षेत्र में नाली की सबसे बड़ी परेशानी है. नाली नहीं होने की वजह से ही सड़क पर पानी जमता है, और सड़क इस तरह जर्जर होती जा रही है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.




**पुंदाग क्षेत्र में नाली बनाने की जरूरत : गोवर्धन**
गोवर्धन कुमार ने कहा कि समस्या के समाधान के लिये पुंदाग क्षेत्र में नाली बनाने की पहली जरूरत है. नाली नहीं होने की वजह से ही सड़क की यह दशा हो गई है. इसमें सुधार के लिये नाली बनाना जरूरी है.



**नाली की कमी के कारण फैल रही गंदगी : असलम**
मो असलम ने कहा कि नाली की कमी की वजह से गंदगी की परेशानी बनी हुई है. सड़क पर गंदा पानी हर पल बहता रहता है, जिससे बदबू भी आती रहती है. यह बीमारियों का घर है. इेसे ठीक करने की जरूरत है.



**विधायक को अवगत कराया पर समाधान नहीं : गुलजार**
गुलजार अहमद ने कहा कि हटिया विधायक नवीन जायसवाल से मिल कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया. किंतु समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया. इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देने की जरूरत है.



**सरकार को पुंदाग पर भी ध्यान देना चाहिए : मुस्ताक**
मुस्ताक आलम ने कहा कि सरकार को पुंदाग पर भी ध्यान देना चाहिए. क्षेत्र की इतनी बड़ी आबादी है. यहां स्कूल, अस्पताल एवं आईआईएम, आईएसएम इंडियन स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट भी हैं.

**खराब सड़क हर दिन लोग हो रहे चोटिल : तौसीफ**



तौसीफ खान ने कहा कि पुंदाग पुल के पास सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है. हर दिन लोग चोटिल होते रहते हैं. नगर निगम के नगर आयुक्त को इस समस्या से अवगत कराया गया है. किंतु समाधान हेतु कार्य अबतक नहीं हुआ है.

**सड़क की बदहाली जल्द दूर करने की जरूरत : कुंदन**



कुंदन सिंह ने कहा कि सड़क की बदहाली की बड़ी परेशानी बनी हुई है. इसे जल्द दूर करने की जरूरत है. क्षेत्र के सारे लोग इस व्यवस्था से काफी परेशान हैं. इस ओर ध्यान देने की जरूरत हैं.

### घोषणा : कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

# मोदी काल में बेरोजगारी चिंतनीय मुद्दा, कांग्रेस देगी नौकरी : ठाकुर

विशेष संवाददाता | रांची

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी एक चिंतनीय मुद्दा बनकर सामने आई है. इसे देखते हुए अगर केंद्र में कांग्रेस की सत्ता आती है तो हमारे नेता राहुल गांधी ने देश में रोजगार उत्पन्न करने और रोजगार की गारंटी देने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा राजस्थान में आयोजित रैली में मुख्य रूप से प्रथम चरण में निम्न घोषणाएं की हैं. भर्ती भरोसा- इसके तहत पारदर्शी जॉब कैलेंडर के साथ केंद्र सरकार में 30 लाख पद सृजित किए जाएंगे. वर्तमान में केंद्र सरकार में 10 लाख पद खाली हैं. शिक्षा स्वास्थ्य आर्मी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी अन्य पद खाली हैं. इसके अलावा भी हम नई नौकरियां सृजित करेंगे जिसे हम चुनावी घोषणा पत्र में रेखांकित करेंगे.पहली नौकरी पक्की- 25 वर्ष तक के प्रत्येक स्नातक एवं डिप्लोमा धारी को अप्रेंटिसशिप के अधिकार के तहत निजी एवं सार्वजनिक कंपनियों में प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपए पारिश्रमिक भत्ता दिया जाएगा. ये बातें ठाकुर ने कांग्रेस भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

**देश के 15 राज्यों में पांच वर्षों में 41 परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हुए, हमने झारखंड में कानून बनाया :** पेपर लीक से मुक्ति- एक सर्वे के अनुसार देश के 15 राज्यों में 41 पेपर लीक पिछले 5 वर्षों के दौरान हुए हैं जिसे 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़) आवेदकों का भविष्य बर्बाद कर दिया है पेपर लीक से मुक्ति के लिए सख्त कानून बनाने के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शी बनाया जाएगा. इसके लिए हमने झारखंड में भी कानून बनाया है.



**10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा का वादा पूरा करेंगे**

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में 2 लाख का जीवन बीमा एवं 2 लाख का दुर्घटना बीमा का प्रस्ताव पास किया है. कांग्रेस ने तेलंगाना में राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा एवं 10 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा का वादा किया है जिसे पूरा करेंगे.

**युवा रोशनी के तहत 5000 करोड़ का कॉरपस फंड बनाया जाएगा**

युवा रोशनी के तहत 5000 करोड़ का कॉरपस फंड बनाया जाएगा ताकि जिला स्तर पर देश के सभी जिलों में 5 वर्षों में 40 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को नए उद्यम प्रारंभ करने के लिए सहायता प्रदान किया जा सके. इस मौके पर मूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, नेली नाथन आदि उपस्थित थे.

**गिग इकोनॉमी के तहत गिग वर्कर्स को बेहतर अवसर देने के लिए बनाया जाएगा नया कानून**

ठाकुर ने बताया कि गिग इकोनॉमी में सामाजिक सुरक्षा- गिग इकोनामी के तहत गिग वर्कर्स को बेहतर कार्य का अवसर मिलेगा. प्रणाली एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नया कानून बनाया जाएगा. एनसीईएआर के द डाटा के अनुसार 2019 से 2022 के बीच गिग वर्कर्स अन्य श्रमिकों की तुलना में कम कमाते हैं. कांग्रेस ने राजस्थान में गिग वर्कर्स के लिए 2023 में जो कानून पारित किया है उसे लागू करेंगे.

## राहुल के झूठे वादे पर भारी है मोदी की गारंटी : प्रतुल शाहदेव

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि देश को मोदी पर विश्वास है. मोदी की गारंटी पर भरोसा है. राहुल गांधी के झूठे वादों पर देश को बिलकुल भी भरोसा नहीं है. प्रतुल ने कहा कि राहुल गांधी 30 लाख नौकरियों की बात कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में लगभग 3 लाख सरकारी पद बगैर नियुक्ति के खाली है. इस मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष मौन रहे. प्रतुल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष देश में पेपर लीक की बात तो कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में ही स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक के असली सूत्रधार को अभी तक नहीं पकड़ा गया है. राजेश ठाकुर युवाओं के लिए राहुल गांधी की युवा रोशनी योजना की बात कर रहे हैं. जबकि मोदी के नेतृत्व में देश के युवा मुद्रा लोन, स्टैंड अप इंडिया और विभिन्न स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने वाले बन रहे हैं और दुनिया में नजीर पेश हो रही है.

**राजेश ठाकुर ने किया देश के अग्निवीरों का अपमान**

प्रतुल ने कहा राजेश ठाकुर ने देश के युवाओं की देशभक्ति का अपमान किया है. अग्नि वीरों का अपमान किया है. उनका यह कहना बेहद आपत्तिजनक है कि पांच सात वर्षों की नौकरी के लिए कौन अपनी जान जोखिम में डालेगा. राजेश ठाकुर ने कहा कि मिलिट्री कौशल के ट्रेनिंग लिए हुए अग्निवीर सेवानिवृत्ति के बाद देश के लिए खतरा हो सकते हैं. यह बेहद आपत्तिजनक है और इन युवाओं की राष्ट्रभक्ति पर प्रश्न करता है.

## सीसीएल में धूमधाम से मनाया गया महिला दिवस




संवाददाता | रांची

**खास बातें**
- सीसीएल मुख्यालय में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन
- 16 महिला कर्मचारी एवं अचीवर्स किये गये सम्मानित

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित क्षेत्रों में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस वर्ष के उत्सव का थीम "इन्वेस्ट इन वीमेन एम्पावरमेंट : एक्सेलरेटे प्रोग्रेस है. सीसीएल के वीमेन इन पब्लिक सेक्टर द्वारा अवसर विशेष पर सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. अवसर विशेष पर जस्टिस रंजना अस्थाना, ईडी, आईआईसीएम, कामाक्षी रमन, कर्नल श्रद्धा, सिस्टर बी. के. निर्मला सहित विभिन्न गणमान्य महिला उपस्थित थे. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों और मुख्यालय से महिला कर्मचारियों ने भाग लिया. इस अवसर पर कंपनी की 16 महिला कर्मचारियों एवं अन्य अचीवर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया. सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने महिला दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी. उन्होंने महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के महत्व पर भी जोर दिया.

सिस्टर निर्मला ने अपने संबोधन में सभी महिलाओं को आध्यात्मिक होने की सलाह दी और बोलीं कि बाहर की खूबसूरती से ज्यादा अंदर की खूबसूरती पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि प्रतिदिन योगा और ध्यान करनी चाहिए. जस्टिस रंजना अस्थाना ने अपने संबोधन में कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ मिलकर काम कर रही हैं. उन्होंने आगे कहा कि ऐसी प्रेरणादायक महिलाओं की कोई कमी नहीं है जिन्होंने खुद को साबित करने के लिए कठिन बाधाओं को पार किया है. ईडी, आईआईसीएम कामाक्षी रमन ने कहा कि महिलाओं को हर समय अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए और प्रतिदिन कुछ नया सिखने के लिए अपने आप को समय देना चाहिए. कर्नल श्रद्धा ने अपनी इंस्पिरेशनल जर्नी के बारे में बताया.

## सेल की महिला कर्मियों की ऑनलाइन गोष्ठी

संवाददाता | रांची



एमटीआई रांची में सेल संयंत्रों व सेल रांची ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया. इस अवसर पर सेल के महिला कर्मियों के साथ ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया. इसमें सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक प्रभारी (आरएसपी) अतानु भौमिक, निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह और एसएन गुप्ता सीवीओ व प्रत्येक इकाइयों के वरीय अफसरों ने भाग लिया. सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने जीवन के सभी क्षेत्रों की महिलाओं के योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि सेल को नंबर वन बनाने के लिए हमें स्मार्ट वर्किंग पर ध्यान देना होगा. आरएसपी के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने विभिन्न विभागों का नेतृत्व करने वाली और इस अवसर पर आगे आने वाली महिलाओं की भूमिका की सराहना की. निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने सेल की महिला कर्मचारियों, विशेषकर शॉप फ्लोर में काम करने वाले गैर-कार्यपालकों द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना की. सेल के सीवीओ एसएन गुप्ता ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार किया. इस अवसर पर सेल रांची इकाईयों से कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी, वेदप्रकाश एवं संदीप कुमार कर मौजूद थे. ऑनलाइन वार्तालाप में सेल संयंत्रों और इकाइयों के वरिष्ठ नेतृत्व और महिला कर्मचारियों ने भाग लिया.

### मेकॉन ने महिला कर्मियों के लिए जागरूकता सत्र

**रांची ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेकॉन के डब्लूआईपीएस फोरम ने मेकॉन की महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और पोषण पर इंटरैक्टिव सत्र और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया. निदेशक (तकनीकी) अमित राज ने मेकॉन की सभी महिला कर्मचारियों की ईमानदारी और समर्पण की सराहना की. आहार विशेषज्ञ डॉ. निवेदिता शर्मा ने पोषण और स्वास्थ्य पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और स्वस्थ आहार के महत्व पर चर्चा की. आईटी विभाग, मेकॉन की सृष्टि तोमर ने संभावित साइबर खतरों से निपटने के उपायों पर चर्चा की.

## मेदांता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना

संवाददाता | रांची



मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल्स वीवर्स हॉस्पिटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शुक्रवार को मनाया गया. मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत अस्पताल निदेशक विश्वजीत कुमार ने किया.मुख्य अतिथि संध्या रानी मेहता, आईपीएस ने मेदांता की महिला कर्मचारियों को साहसी बनने और काम के मोर्चे को साहसपूर्वक प्रबंधित करने के लिए प्रेरित किया. सम्मानित अतिथि डॉ अनिंद्य ने एक सुंदर प्रस्तुति साझा की. कैसे महिलाओं को कई मोर्चों का प्रबंधन करने और उन सभी में उत्कृष्टता प्राप्त करने की आवश्यकता है. इस अवसर पर मेदांता ने अपनी चयनित पांच महिला कर्मचारियों को वूमेन ऑफ करेज अवार्ड भी प्रदान किया. इस दिन को मनाने के लिए महिला डॉक्टरों व कर्मचारियों के लिए अन्य मनोरंजक और खेल गतिविधियां भी आयोजित की गई. मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने हॉस्पिटल की महिला कर्मचारियों व डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला कर्मचारियों का योगदान अस्पताल के संचालन में अत्यंत अहम है. उनका समर्पण, सौजन्य, और उत्कृष्टता से भरा हुआ काम हमें गर्वित बनाता है. स्वास्थ्य क्षेत्र में उनका योगदान असीम है और हम उनके साथ हैं, उनके साथ बढ़ते हैं, उन्हें समर्थन और सम्मान का सही मौका देना हमारी प्राथमिकता है.

### आयोजन : रांची महानगर महिला कांग्रेस का न्याय सम्मान समारोह

# सैकड़ों महिलाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता | रांची



**खास बातें**
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम
- अलका लांबा और गुंजन सिंह के निर्देश पर हुआ आयोजन

रांची महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नीतू देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को नारी न्याय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. सम्मान समारोह में सैकड़ों महिलाओं को सम्मानित किया गया. मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, रेखा सहाय, पिंकी सिंह, सबीना खातून, रीना यादव शामिल थीं. मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि समाज को दिशा देने में महिलाओं का सदैव ही उल्लेखनीय योगदान रहा है. रांची महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नीतू देवी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचाननी चाहती क्योंकि महिलाओं को घर संवारने और चलाने की संपूर्ण जिम्मेवारी होती है. समारोह में सम्मानित होने वाले में अर्चना जयसवाल, गुलशन खातून, सावित्री देवी, सहनाज खातून, रंजू कुमारी, श्रीवास्तव समेत अन्य महिलाओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रखंड महिला अध्यक्ष संध्या देवी, रीता देवी, निर्मला कुमारी, सीमा हेमरोम, प्रखंड अध्यक्ष सविना खातून, वार्ड अध्यक्ष नयिमा परवीन, सकीना खातून, प्रखंड अध्यक्ष राज अरोड़ा, सुममी देवी, शकीना खातून, जूही हसीना, तबस्सुम परवीन, सीमा परवीन, तन्नू खातून आदि शामिल थीं.

### आंदोलन : झारखंड मुक्ति मोर्चा का उपवास कार्यक्रम 22वें दिन भी रहा जारी

# हेमंत हमारे स्वाभिमान, संघर्ष जारी रहेगा : भूषण

विशेष संवाददाता | रांची




**खास बातें**
- मोरहाबादी में बापू वाटिका के समक्ष चल रहा कार्यक्रम
- पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का जोरदार विरोध

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो का उपवास कार्यक्रम शुक्रवार को 22वें दिन भी जारी रहा. रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम गुमला झामुमो जिलाध्यक्ष सह विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में हुआ. कार्यक्रम में रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम भी शामिल रहे. मौके पर विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन झारखंड के स्वाभिमान हैं. जबतक उन्हें इंसाफ नहीं मिल जाता संघर्ष जारी रहेगा. साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाया गया है. केंद्र सरकार चाहती है कि साजिश कर झारखंड को अस्त-व्यस्त कर दिया जाये. इस साजिश का नकाब झामुमो उतारेगा. कल्पना सोरेन के सक्रिय राजनीति में आने से कार्यकर्ताओं को बल मिला है, नेतृत्व मिला है. जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि हम सभी का यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक हेमंत सोरेन को न्याय नहीं मिल जाता है. हमारा संघर्ष न्याय यात्रा के माध्यम से भी पंचायतों में चल रहा है. उपवास कार्यक्रम में रंजीत सिंह, अमर टोप्पो, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, शशि साहू, संजय सिंह, डॉ हेमलाल मेहता, जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, जशींता बारला, अंतू तिर्की, लालजी रमण, मंजू उरांव, राजेश टोप्पो, रवि उरांव, अरविंद सिंह देवल, आदिल इमाम, महादेव मुंडा, प्रकाश उरांव, अभिषेक लकड़ा, शांति तिर्की, विमल केरकेट्टा, राधा बाउरी, राधा हेंब्रम, सुनिता लिंडा, अनिमा केरकेट्टा सहित कई उपस्थित थे.



# शिवमय हुई राजधानी

संवाददाता।रांची

महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को भोले बाबा ब्याह रचाने चले. पहाड़ी मंदिर परिसर, इंद्रपुरी शिव मंदिर, रातू रोड, चुटिया सहित शहर के विभिन्न इलाकों से मनोहारी झांकी, भूत-प्रेत और हजारों बारातियों संग बारात झूम कर निकली. ढोल-नगाड़ा, बैंड बाजा, तासा पार्टी ने तो भक्ति का रंग जमाया ही, स्थानीय और बाहर से आये भजन मंडली, नृत्य-नाटिका मंडली के कलाकारों ने भी मनमोहक प्रस्तुति से बारात में चार चांद लगायी. सजे नंदी बैल और विशालकाय हनुमान जी के कहने, मनोहारी देवी-देवताओं की झांकी बरबस ही आकर्षित करती रही.

राजधानी का कोना-कोना श्रीशिव भक्तिरस से सराबोर रहा. सुबह से दोपहर बाद तक देवालयों में जहां जलाभिषेक और दर्शन-पूजन का सिलसिला चला, वहीं इसके बाद भव्य बारात निकाली गयी. रात्रि प्रहर भोले बाबा संग माता पार्वती का विवाह रश्मो-रिवाज के साथ रचाया गया.

**आरती उतार सीएम ने विदा किया श्रीशिव बारात :** पहाड़ी मंदिर से तीन के पौने पांच बजे श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से भव्य शिव बारात निकाली गयी. सीएम चंपाई सोरेन ने आरती उतार बारात विदा किया. राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार सहित कई गणमान्यो ने इसमें भागीदारी निभायी. बड़ी संख्या में श्रद्धालु सराती बन शोभायात्रा में शामिल हुए. अध्यक्ष राजेश साहू,जितेंद्र सिंह, विनय सरावगी,दीपक लाल,सुमित सिंह,बादल सिंह, गगन कुमार, मेहुल प्रसाद, राजकुमार तलेजा, दीपक नंदा, उर्मिला चौधरी, पूनम जायसवाल, राजीव वर्मा, अर्चना मिर्धा, बेबी गाड़ी, शुभाशीष चटर्जी,स्वपना चटर्जी,समीक्षा शर्मा, कलाकार प्रभारी राम सिंह,आकांक्षा वर्मा, अमन कुमार आदि इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.



**डमरू वाले बाबा चले ब्याह रचाने**

1. सुबह से दोपहर बाद तक लोगों ने देवालयों में किए जलाभिषेक
2. रात्रि प्रहर भोले बाबा संग माता पार्वती का विवाह पारंपरिक तरीके से हुआ.





### धुर्वा में शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम शुरू



**रांची।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर धुर्वा के पुराने विधानसभा मैदान में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव नाम संकीर्तन अष्टयाम का शुभारंभ हुआ. 'हर भोला, हर शिव' के नाम की धुनी के साथ मंत्रोच्चार से आसपास के क्षेत्र गूंज उठे. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 'महागुरू महादेव' के गुरु स्वरूप से जुड़ने का आवाहन किया गया. आयोजन प्रमुख अर्चित आनंद ने कहा कि देश समेत विदेशों में और लाखों घरों में महाशिवरात्रि और संकीर्तन का आयोजन शिव शिष्यों द्वारा किया जा रहा है.

### क्लब रोड में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व



**रांची।** स्थानीय सुजाता चौक के समीप क्लब रोड स्थित श्री शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा-भक्ति के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया. मंदिर के पुजारी सिद्धेश्वर मिश्र ने बताया कि यहां पहली बार महाशिवरात्रि पर्व 1974 में मनाया गया था. महाशिवरात्रि पूजन समारोह को सफल बनाने में संयोजक महेन्द्र सिंह, लक्खी अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, आशीष भाटिया, नगीना सिंह, दुर्गा सिंह अरुण नाथ शिखर, नवीन पासवान, नितिन, अजय, कर्मा पासवान, कुणाल आदि ने सक्रिय योगदान किया.

### श्री श्याम मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में महाशिवरात्रि पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनायी गयी. इस अवसर पर महादेव की विशेष पूजा-अर्चना करके महारुद्राभिषेक किया गया. मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली, निकुंज नारनौली एवं रतन शर्मा ने परिवार के साथ स्फटिक के महादेव पर महारुद्राभिषेक किया. सायंकाल शिव परिवार का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया. इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू मौजूद थे.

## एक्सआईएसएस के 82-84 बैच के छात्रों ने पुरानी यादें ताजा कीं



संवाददाता।रांची

एक्सआईएसएस के 1982-84 (आरडी) बैच का शुक्रवार को रियूनियन हुआ. रांची के होटल लैंडमार्क में 40 वर्ष बाद बैच के 32 छात्र और छात्राएं मिले. सदस्यों ने बीते हुए दिनों को याद किया. कोई लौटा दे हमारे बीते हुए दिन स्लोगन के साथ खट्टी-मीठी यादों को ताजा किया. इसके साथ ही जो साथी और शिक्षक अब इनके बीच नहीं रहे, उन्हें भी याद किया गया. फादर बोगार्ड को याद करते हुए सदस्यों ने कहा कि जब 1982 में एक्सआईएसएस में पहला दिन था, तब सभी एक -दूसरे से अंजान थे. जिदंगी के लक्ष्य का पता नहीं था. फादर बोगार्ड ने हमें सही लक्ष्य पाने में मदद की. रियूनियन में पुराने छात्रों का कहना था कि बैच के सभी छात्रों ने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों को पूरा किया. अब सभी स्वीट 60 में प्रवेश कर चुके हैं. जो सरकारी सेवा में थे वे रिटायर कर गए. अब अपनी जिम्मेदारी को निर्वाह करने के बाद पुराने दिनों को फिर से जीने का मौका मिला.

सदस्यों ने पुरानी गीतों के साथ समा बांधे रखा. देश के कोने-कोने से आये लोग 40 साल बाद मिलकर काफी खुश दिखे. मुख्य रूप से आरएनपी साहू, आशीष विश्वास, राकेश कुमार, प्रभा मोदी, आभा लकड़ा, आशा, निर्मल सरन, राम रंजन त्रिवेदी समेत 1982-84 के कई अन्य छात्र मौजूद थे.

### आदिवासियों की बैठक में सुतियांबेगढ़ चलो अभियान की समीक्षा

**रांची** । रांची से लगभग 25 किलोमीटर की दूर पिठोरिया के सुतियाम्बे मुड़हर पहाड़ सभागार में शुक्रवार को आदिवासियों की बैठक आयोजित हुई. बैठक में महाराजा मदरा मुंडा के अस्तित्व, पहचान और विरासत को बचाने के लिए घोषित 17 मार्च को सुतियांबे चलो अभियान की समीक्षा की गयी. बताया गया कि उक्त अभियान में 32 आदिवासी समुदाय शामिल होंगे. बैठक का संचालन सधन उरांव तथा रंजन पाहन ने किया. आदिवासी समन्वय समिति लक्ष्मीनाराण मुण्डा ने कहा कि अगर आदिवासियों को बचाना है तो ब्राह्मणवादी परम्परा को छोड़ना होगा. कहानियां सुनाकर आदिवासियों को भ्रमित कर पहाड़, जंगल पर कब्जा किया जा रहा है. आदिवासियों को ऐसे पाखंड से बचना होगा. प्रेम शाही मुण्डा ने कहा कि मुड़हर पहाड़ हम आदिवासियों की धरोहर है. उस पहाड़ पर झण्डा और मूर्ति लगाकर आदिवासियों को गुमराह किया जा रहा है. पाहन महासंघ के अध्यक्ष जगदीश पाहन ने कहा कि सुतियाम्बे चलो अभियान के तहत आदिवासी समुदायों से संपर्क किया जा रहा है.

## महिला दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

संवाददाता।रांची

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर करमटोली चौक के पास स्थित प्रेस क्लब में महिला दिवस का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, गाइनिकोलॉजिस्ट डॉ. मिलनी, हाईकोर्ट की अधिवक्ता ऋचा मौजूद थीं. प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने मोमेंटो देकर अतिथियों का स्वागत किया. मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर प्रेस क्लब भवन में आयोजित वसंत मेले का भी उद्घाटन किया. समारोह में रांची की वरिष्ठ महिला पत्रकारों एवं प्रेस क्लब की दीदियों को सम्मानित किया गया.

मौके पर आईपीएस सरोजिनी लकड़ा ने अपने आईपीएस बनने का सफर साझा किया एवं सशक्त बनकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि मैं जीवन में स्पोर्ट्स से ही आगे बढ़ी और एक पुलिस अधिकारी होने के बावजूद घरेलू हिंसा का सामना किया. उन्होंने कहा कि जीवन में कठिनाइयां आती रहेंगी, पर हमें आगे बढ़ते रहना है. डॉ. मिलनी ने कहा कि उन्होंने अपने पेशे में अक्सर ऐसा देखा है कि सास बहू, ननद, भाभी का रिश्ता अब भी ठीक नहीं होता.



### महिलाएं समाज की शक्ति हैंः सोनी



**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर एक गर्वशाली समारोह का आयोजन किया. स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोनी सितारा केरकेट्टा ने इस मौके पर टीचरों को सम्बोधित किया. कहा कि महिलाएं हमारे समाज की शक्ति हैं. हमें इस शक्ति को समर्पित करके समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए. समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया.

### सीयूजे में मनाया गया महिला दिवस



**रांची** ।झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर ज़ोर दिया. विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक महिमा ने समाज और कानून से पहले मनुष्य को स्वयं अपनी ज़िम्मेदारी समझ कर बदलाव लाने की बात कही.

### आरयू में मना विश्व महिला दिवस

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के महिला कोषांग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी, जिसका विषय था- एक ऐसी दुनिया जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले.

### संत मरिया महागिरजाघर में आत्माभिषेक प्रार्थना का हुआ आयोजन

**रांची** । चालीसा काल में डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिया महागिरजाघर में शुक्रवार को तीन दिवसीय आत्माभिषेक प्रार्थना का शुभारंभ हुआ.साथ ही क्रूस रास्ता के चौथे शुक्रवार की प्रार्थना की गयी. इस आत्माभिषेक प्रार्थना में रांची पल्ली के विश्वासी हजारों की संख्या में शामिल हुए. प्रार्थना में विश्वासी कलीसिया की ऐसी भीड़ उमड़ी कि चर्च के मुख्यद्वार तक लोग खड़े होकर वचन सुन रहे थे. प्रार्थना का संचालन फादर यशवीर मिंज ने किया. उन्होंने विश्वासी कलीसिया को बाइबल के अनुसार संदेश दिया कि मनुष्य ने पाप किया और प्रभु परमेश्वर की महिमा से वंचित हो गये. यीशु ने अपना रक्त क्रूस में बहाकर हम मनुष्यों के पापों का प्रायश्चित किया. फादर यशवीर मिंज का अगुवाई कलीसिया के विश्वासियों ने स्थितियों के अनुसार यीशु मसीह के दुखभोग का स्मरण किया. कूस रास्ता, येशु मसीह की क्रूस मृत्यु का संदेश संपूर्ण मानव जाति को देता है. येशु की क्रूस मृत्यु मानव जाति के पाप को अपने ऊपर लेने और उनके उद्धार के लिए हुई थी.

**मेला** रांची वासियों को भा रहा है चैंबर का इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर

## हर दिन उमड़ रही भीड़, हो रही जमकर खरीदारी

संवाददाता।रांची



**ट्रेड फेयर**

- एक ही प्लेटफार्म पर हर आयुवर्ग के लोगों के लिए उत्पाद उपलब्ध
- मनपसंद चीजों की खरीदारी के साथ ही मनोरंजन का आनंद भी

मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के सातवें दिन शुक्रवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. महाशिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण लोगों ने अपने परिवार और दोस्तों के संग ट्रेड फेयर में खरीदारी की. साथ ही खाने का भी आनंद उठाया. वहीं, लोग तीन हजार या इससे अधिक की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिया जा रहा है, जिसका लाभ लोग उठा रहे हैं. ट्रेड फेयर के इंटरनेशनल हैंगर 2 में लगे पाई एंड थाईज, जो की प्रीमियम बेकर हाउस कैफे है, उसमें केक की कई वैरायटी उपलब्ध हैं. केक पर लोगों को 10 फीसदी की छूट मिल रही है. टिकट काउंटर पर इसकी जानकारी लोगों को दी जा रही है. ट्रेड फेयर में दुबई, थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, मलेशिया समेत 12 देश व राज्यों के स्टॉल लगे हुए हैं. जहां तरह-तरह के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है, एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर आयुवर्ग के लिए उत्पाद उपलब्ध होने के कारण शहरवासी विविध प्रकार की स्टाल में मनपसंद की चीजें खरीदने में मशगूल रहें. साथ ही मनोरंजन का भी आनंद उठाया. स्टॉल धारकों के अनुसार, सबसे अधिक बिक्री खाने-पीने की चीजों की और लाइफ स्टाइल के वस्तुओं की हुई. इनमें सबसे अधिक साड़ियां, सूट, जूती, सैंडल, मेकअप के सामान आदि वस्तुओं की खरीदारी की.

### राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने किया ट्रेड फेयर का भ्रमण

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ट्रेड फेयर पहुंचे. जहां उनका स्वागत झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, प्रवक्ता विकास विजयवर्गीय, विजय शंकर, किशन अग्रवाल, जीएस मार्केटिंग के पदधारियों ने किया. आदित्य साहू ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और उत्पादों की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को शॉपिंग करने का एक नया केंद्र मिलता है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन छुट्टी होने के कारण शुक्रवार को भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही. चैंबर के प्रवक्ता विकास विजयर्गीय ने कहा कि प्रतिदिन लोगों का आना जाना लगा है.

## बीते पांच सालों में निजी स्कूलों में गरीब बच्चों का नामांकन 50 फीसदी से भी कम

रजनीश प्रसाद।रांची

- पिछले पांच सालों में 50 प्रतिशत से भी कम नामांकन हुआ है
- गरीब बच्चों का निजी स्कूल में नामांकन हो जाए, आसान नहीं था

| साल | नामांकन | प्रतिशत |
| --- | --- | --- |
| 2018-19 | 380 | 30.3 |
| 2019-20 | 370 | 29.5 |
| 2020-21 | 418 | 33.5 |
| 2021-22 | 416 | 33.5 |
| 2022-23 | 636 | 49.28 |

राइट टू एजुकेशन के (आरटीई) तहत गरीब बच्चों का नामांकन लिया जाता है. इसके लिए सभी निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीट रिजर्व रखा गया है. गरीब बच्चों का निजी स्कूल में नामांकन हो जाए, यह इतना आसान भी नहीं था. लेकिन रांची जिले में नामांकन को आसन करने के लिए प्रत्येक स्कूल में जेईपीसी रांची के ओर से दो-दो लोगों को नियुक्त किया गया है. इसके लिए नाम के साथ लेटर जारी किया गया है.

**जिला शिक्षा विभाग खुद करता है मॉनिटरिंग :** रांची जिला में कुल 101 स्कूल हैं. जिसमें गरीब बच्चों के लिए 1089 सीट रिजर्व रखा गया है. पिछले पांच सालों में 50 प्रतिशत से भी कम नामांकन हुआ है. 2023-24 में कितना नामांकन हुआ है. इसकी जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक ने लेने के लिए स्कूलों को तीन बार नोटिस भेज चुका है, लेकिन नोटिस का जवाब नहीं दिया.

रांची जिला के प्रोग्रामिंग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, निजी स्कूलों की ओर से पहले बीपीएल बच्चों का नामांकन के लिए फॉर्म लेने से इंकार कर दिया जाता था. इस प्रकार की कई घटना सामने आने लगी थी. जिसके बाद रांची जिला शिक्षा विभाग ने आवेदन करने के लिए rte.dse.com में आवेदन करने को कहा, इस पोर्टल में आवेदन करने से लेकर पूरा स्टेटस जिला शिक्षा विभाग देखता है. उसे मॉनिटरिंग करता है. इससे पता चलता है कि कितने बच्चों ने नामांकन लिया है और कितने ने नहीं.

